कोटा दक्षिण विधानसभा में पेयजल के प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति मिले : संदीप शर्मा

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने मंत्री से मुलाकात करके पेयजल के संबंध में वार्ता की।

- कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की जनता व इसमें बसी बहुमंजिला इमारतों में चम्बल का पानी मिल सके

कोटा, (निसं)। विधायक संदीप शर्मा ने जल अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री महेश जोशी से मुलाकात कर कोटा शहर की पेयजल संबधित समस्याओं को बताते हुऐं इसके समाधान की मांग की। आज विधायक संदीप शर्मा ने राजस्थान विधानसभा में जलदाय विभाग के मंत्री महेश जोशी से मुलाकात कर कोटा शहर व दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की पानी की समस्या से अवगत कराया।

विधायक संदीप शर्मा ने जलदाय मंत्री को बताया कि कोटा दक्षिण विधानसभा में पानी की बहुत ज्यादा किल्लत है। यहां कि कोटा शहर चम्बल के किनारे बसने के बाद भी आज कई स्थानों पर लोगों चम्बल का पानी नही मिल पा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप लोग फ्लोराइड पानी पीने को मजबूर है। जिससें उनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। चम्बल के किनारे स्थित कोटा शहर में मेरी विधानसभा क्षैत्र की कई कॉलोनियो तथा, नई बसी कॉलोनियो में एवं बहुमंजिला इमारतों में आज भी स्वच्छ पेयजल चम्बल का पीने योग्य पानी विभाग उपलब्ध नही करा पा रहा है। 40 वर्षो से पाईप लाईने बदली नही गयी है जिससे 35 से 40 प्रतिशत स्वच्छ पानी छीजत में बह जाता है। कोटा शहर में 2 लाख बच्चे विभिन्न शहरो से पढ़ने आते है इनको भी पेयजल के लिये भारी परेशानी का सामना करना पडता है। कोटा दक्षिण विधानसभा में रहने वाले लोग पानी के लिये तरस रहे है। रोजाना आमजन और सामाजिक संगठनों द्वारा पानी की समस्या के लिये जलदाय विभाग के अधिकारियों और कर्मचारीयो का घेराव कर रहे हैं।

पेयजल की समस्या से आमजन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलदाय विभाग द्वारा कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की कॉलोनीयों की पुरानी छीजत पाईप लाईनों को बदलनें व बहुमंजिला इमारतों मे फ्लोराइड रहित पानी उपलब्ध करवाने और पेयजल सुधार हेतु अति. मुख्य अभियंता महोदय द्वारा अमृत 2.0 योजना के अर्न्तगत 260 करोड़ के प्रस्ताव तैयार कर जलदाय विभाग के मुख्यालय में मुख्य अभियंता जयपुर के पास भेजे हुए है जो अभी तक लंम्बित है। अत: आप से आग्रह है कि शीघ्र वितरण प्रणाली दुरूस्त करा कर जो प्रस्ताव सरकार के पास लम्बित है उन्हें पास करा कर शीघ्र पाईप लाईनें बदली जाये जिससें कोटा शहर में स्वच्छ पेयजल सभी कॉलोनियों व बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोगों व कोटा शहर की जनता को उपलब्ध हो सके। इस पर मंत्री ने विधायक संदीप शर्मा आश्वस्त किया कि शीघ्र ही अधिकारीयों से बैठक कर इन प्रस्तावो पर विचार करते हुए कोटा दक्षिण विधानसभा में पेयजल की समस्या का समाधान किया जायेगा। विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल झूठे आश्वासन दे कर प्रदेश की भोली-भाली जनता को भ्रमित कर झूठी वाह वाहीयां लूट रही है। सरकार द्वारा आमजन को आधार मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करवाने में नाकाम सिद्ध हो रही है। कोटा के आमजन की आवाज की कई बार सदन के माध्यम से उठाई परन्तु सरकार द्वारा आज इस संबध में कोई प्रयास नही किये और ना हि इन प्रयासों सफलता मिली।

पूर्व में भी राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र के दौरान विधानसभा में कोटा शहर की पानी की समस्या को सदन में उठाया परन्तु आज कोई कार्य कोटा दक्षिण विधानसभा में नही हो पाया नाहि पानी की समस्या का समाधान हो पाया। कोटा दक्षिण में रहने वाली जनता पानी की समस्या के लिये परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने कहा कि कोटा दक्षिण के आमजन की समस्या के लिये सदैव सघर्ष करते रहेंगें जब तक आमजन की समस्या का समाधान न हो।

मानव श्रृंखला बनाकर आमजन को संदेश दिया

कोटा, (निसं)। जिला निर्वाचन विभाग की पहल पर मंगलवार को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर नव मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं आधार कार्ड को वोटर आईडी से लिंक करवाने हेतु प्रेरित किया गया।

महाविद्यालय की स्वीप प्रभारी डॉ जयश्री डावरे ने बताया मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य संजय भार्गव ने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अभियान का हिस्सा बनने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की जिम्मेदारी बनती है कि वह आमजन को जागरूक करने का कार्य करें। जिला स्वीप कमेटी के सहायक नोडल अधिकारी रविन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि कमेटी द्वारा जागरूकता के क्षेत्र में कई नवाचार किए जा रहे हैं इसी क्रम में मंगलवार को मानव श्रृंखला बनवा कर आमजन को संदेश दिया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा तख्तियों में जागरूकता संबंधित संदेश लिखकर आम लोगों को प्रेरित किया गया।

पश्चिम मध्य रेल
मुख्य कारखाना प्रबन्धक, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा
सं. WRSKTT-ARCFE-Tender-01RE, दिनांक 17.09.2022

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **मुख्य कारखाना प्रबन्धक, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा,** निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा आमंत्रित करते है:– **टेण्डर सं.:** WRSKTT-ARCFE-Tender-01RE. **कार्य का विवरण: डब्ल्यूआरएस, कोटा में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के अग्निशामकों की मरम्मत/रखरखाव, हाइड्रोलिक परीक्षण और रिफिलिंग के लिए एआरसी। अनुमानित लागत:** ₹ 7,94,482.20. **निविदा प्रपत्र राशि:** निल। **बयाना राशि:** ₹ 15,900/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 36 माह। **निविदा बंद व खुलने का समय व तारीख:** बंद 11.30 बजे दिनांक 15.10.2022 व खुलेगी 12.00 बजे दिनांक 15.10.2022. ई–निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है तथा विवरण मुख्य कारखाना प्रबन्धक कार्यालय, कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई–निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किये जायेंगे। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/II, मा.डि.म.कारखाना, कोटा जं.

कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।

नाम परिवर्तन
मैंने अपना पुराना नाम ओम प्रकाश से बदलकर नया नाम ओम प्रकाश भोजवानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-ओम प्रकाश भोजवानी पुत्र चन्द्रमल मकान नम्बर ई-155 नियर सरस डेयरी श्रीनाथपुरम कोटा

नाम परिवर्तन
मैंने अपना पुराना नाम रविन्द्र कुमार बडेला से बदलकर नया नाम रविन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-रविन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह 1513 बड़ी इदगाह के पीछे किशोरपुरा कोटा

नाम परिवर्तन
मैंने अपना पुराना नाम जसप्रीत सिंह से बदलकर नया नाम जसप्रीत सिंह ग्रोवर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-जसप्रीत सिंह ग्रोवर पुत्र महेन्द्र जीत सिंह ग्रोवर C-2 तलवण्डी कोटा

नाम परिवर्तन
मैंने अपना पुराना नाम DAVENDRA KUMAR SINGHAL से बदलकर नया नाम DEVENDRA KUMAR SINGHAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-DEVENDRA KUMAR SINGHAL पुत्र भगवान लाल सिंघल मण्डीपाडा नाहरगढ़ बारां

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, कोटा खण्ड कोटा
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर /2022
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री श्रवण सिंह पुत्र श्री राम सिंह निवासी ग्राम निपानिया झाला पोस्ट कुण्डला जिला झालावाड़ द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अंतर्गत मन्दिर श्री ठाकुरजी राधाकृष्णजी ग्राम निपानिया झाला पोस्ट कुण्डला तह. गंगधार जिला झालावाड़ के संबंध में पंजीयन हेतु जांच किए जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 06.09.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 09.11.2022 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा

रेजोनेंस में अब एसएससी, बैंक, रेलवे और सीईटी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे

कोटा, (निसं)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान रेसोनेंस एक बार पुन: देश की बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओ जैसे एसएससी, बैंक, रेलवे, सीईटी की तैयारी करवाएगा। रेसोमेक्स डिविजन के प्रमुख कमल सिंह चौहान ने बताया कि विद्यार्थियों के सरकारी नौकरी के सपने को साकार करने के लिए हमने डिवीजन में अनुभवी शिक्षकों के साथ मिलकर परीक्षा के अनुरूप स्ट डी मटेरियल तैयार किया है, जो विद्यार्थीयों के लिए काफी मददगार होगा। विद्यार्थी इन परीक्षाओं की तैयारी संस्थान के साथ ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन कक्षाओं के माध्यम से कर सकते हैं। विद्यार्थियों को सम्पूर्ण तैयारी परीक्षा के नवीनतम पैटर्न के अनुरूप करवाई जाएगी।

साथ ही, जो प्रथम बार सरकारी नौकरी के लिये प्रयास कर रहे हैं, उनके लिए बेसिक से लेकर एक्सपर्ट तक के कोर्स बनाए गए है, जिसमे वह न सिर्फ विषयों पर सम्पूर्ण पकड़ बनाएंगे बल्कि विभिन्न माध्यमों से जैसे, स्पोकन इंग्लिश, इफेक्टिव कम्युनिकेशन, इन्टरव्यू प्रिपरेशन आदि के माध्यम से अपने आपको रोजगारउन्मुख बना सकते हैं। चौहान ने बताया कि सरकार समान पात्रता सीईटी, परीक्षा के माध्यम से सभी परीक्षाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर लाना चाह रही है, जो की एक अच्छा प्रयास है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा
क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2022/1279 **विज्ञप्ति** दिनांक:-20.9.2022

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटडी में स्थित कृषि भूमि योजना आदित्य आवास विस्तार खसरा नं. 231, 289 में स्थित भूखंड संख्या आर-7 आवेदक श्री दीपक बंसल पुत्र स्व. श्री सतपाल बंसल निवासी आर-7 आदित्य आवास विस्तार योजना बजरंग नगर पुलिस थाना बोरखेडा कोटा राज. नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा आदेश क्रमांक 6184 दिनांक 20.08.2009 को श्री सतपाल बंसल पुत्र स्व. श्री नाथूलाल बंसल के नाम जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 12.05.2011 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी, दीपक बंसल पुत्र, श्रीमती नीना गर्ग, ज्योति चतुर्वेदी पुत्री है। वारिसान श्रीमती कृष्णा देवी, श्रीमती नीना गर्ग, ज्योति चतुर्वेदी द्वारा जर्ये रजि. रिलीज डीड दिनांक 05.07.2022 को आवेदक के पक्ष में हकत्याग किया गया है।

अत: श्री दीपक बंसल पुत्र स्व. श्री सतपाल बंसल के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण (राज.)
क्रमांक:-ननिकोद/राजस्व/2022/1780-81 दिनांक:-19.09.2022

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्री विनोद पारेता पुत्र स्व. श्री रुपचंद पारेता निवासी 53-ए केशवपुरा सेक्टर-2 कोटा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार "रिवर फ्रन्ट रेस्टोरेन्ट एण्ड बार" 255-ए, 256-ए केशवपुरा कोटा में संचालन करने की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा के ब्लॉक "ए" के प्रथम तल के कमरा नं. 238 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी तथा उपविधि 2016 के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

राजस्व अधिकारी नगर निगम कोटा (दक्षिण)

राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड का पुनरोत्थान

कोटा, (निसं)। पंचायती राज द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड का पुर्नोत्थान किया जा रहा है, जिसके तहत वर्ष 2023 में दिये जाने वाले राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड सतत् विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के लिए गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के तहत नौ विषयों में पंचायती राज संस्थाओं द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के आधार पर दिए जाएंगे।

संयुक्त निदेशक मुख्य आयोजना जेपी महावर ने बताया कि गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वस्थ और हरित पंचायत, पंचायत में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत, सुशासन वाली पंचायत, महिला हितैषी पंचायत की प्रश्नावलियां कुल 9 विषय पंचायत अवार्ड पोर्टल के माध्यम से 10 सितम्बर से 20 अक्टूबर तक भरी जाएंगी।

उन्होंने बताया कि सभी 9 विषयों में से प्रत्येक विषय में देशभर में प्रथम आने वाली ग्राम पंचायत को 50 लाख रूपये व सभी विषयों के औसत अंको के आधार पर देशभर में प्रथम आने वाली ग्राम पंचायत को 1 करोड़ रूपये पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों को इसमें आवेदन करना अनिवार्य है। इस संबंध में जिला स्तर पर 15 सितम्बर को जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय तथा विकास अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया की इस कार्य में सांख्यिकी अधिकारी विभाग के ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारियों का सहयोग लेकर 23 सितम्बर तक प्रश्नावलियों में सूचना तैयार कर कार्य पूर्ण करें।

उन्होंने अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी द्वारा वीसी में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारी तथा पंचायत समिति स्तरीय अधिकारियों को आरएनपीए की प्रश्नावली को गहनता से अध्ययन करने के निर्देश दिये।

विद्युत प्रसारण कांग्रेस इंटक कोटा संभाग की कार्यकारिणी घोषित

कोटा, (निसं)। हेमंत कुमार दाधीच कोटा संभाग अध्यक्ष राजस्थान विद्युत प्रसारण मजदूर कांग्रेस इंटक ने बताया कि राजस्थान विद्युत प्रसारण मजदूर कांग्रेस इंटक कोटा संभाग की कार्यकारिणी प्रांतीय विद्युत मंडल मजदूर फेडरेशन (इंटक) राजस्थान के महामंत्री मंडल दत्त जोशी एवं राजस्थान विद्युत प्रसारण मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रदेश महामंत्री पुखराज सांखला से सलाह लेकर एवं राजस्थान विद्युत प्रसारण मजदूर कांग्रेस इंटक कोटा संभाग के अध्यक्ष हेमंत दाधीच के निर्देशानुसार कार्यकारिणी का विस्तार किया गया गया।

कोटा संभाग में कोटा, बारा, बूंदी, सवाई माधोपुर, झालावाड़, टोंक आदि जिलों के इंटक पदाधिकारी व सदस्यगण आदि आते हैं। कार्यकारिणी को संभाग महामंत्री किशन गोपाल मोदी के द्वारा जारी किया गया मोदी ने बताया कि इससे संगठन में मजबूती प्रदान होगी और कर्मचारियों की मूलभूत आवश्यकताएं व रुके हुए कार्यों में विस्तार होगा साथ ही संभाग अध्यक्ष हेमंत दाधीच ने बताया कि नई कार्यकारिणी बनने पर समस्त सदस्यगण व पदाधिकारियों में एक जागरूकता आएगी और समस्त जिलों में बने हुए पदाधिकारी अपना कार्य मजबूती से निर्वहन करेंगे।

नई कार्यकारिणी बनने पर सभी सदस्यगण व पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी पदाधिकारियों में मुख्य संरक्षक पंकज मेहता संरक्षक मंडल दत्त जोशी अध्यक्ष हेमंत कुमार दाधीच कार्यकारी अध्यक्ष विकास तिवारी, ओम प्रकाश नागर वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण राठौर, कौशल पारीक, सुनील महावर, राकेश, रिजवान अली, कमलेश शंकर दीक्षित, के एल धनकुट्टी, उपाध्यक्ष हेमंत राठोर नरेंद्र महावर, जाहिद मिर्जा, चेतन मित्तल, रामकिशन सेन, चंद्रशेखर मालव, जय प्रकाश राठोर ,एम शिवकुमार, एस सरवानन, दिनेश योगी, सुरेश कुमार, महामंत्री किशन गोपाल मोदी, संयुक्त महामंत्री संतोष मीणा, फूलचंद मीणा, महेश सेन, सविता हैदर, निधि जैन, रामबाबू, अरुण सेल्वन, शहाबुद्दीन, विनोद मालव, नंद भंवर मीणा, संगठन मंत्री दीपा मालव, चेतना महावर, मनीष वर्मा, गजेंद्र जाटवा, राजेंद्र वर्मा, अहमद नूर, नियमत उल्लाह, संजय शर्मा, कैलाश तेजवानी, प्रवीण पाल, ताराचंद, राजकुमार शर्मा, पी.गोपाल, एम.शेखर, दीपक प्रजापति, सह संगठन मंत्री सुनील टेलर, भारत कुमार, नरेंद्र मीणा, हंसराज सैनी, हेमराज शाक्यवाल, ओम प्रकाश सुमन, युसूफ, लोकेंद्र, रियाज अहमद, कार्यालय मंत्री ललितेश नागर, सोनम गुप्ता, नीरज अंबेडकर, प्रचार मंत्री छोटू लाल गुर्जर, धर्मेश मालव, हेमराज महावर, विनोद कार्यकारिणी सदस्य आशीष शर्मा, देवेंद्र शर्मा, ललित गोचर, ओमेंद्र सरवाड़ा, शिव प्रसाद सैनी, हेमराज, मोहन लाल मीणा, हरेंद्र सिंह, संदीप रावत, नीलेश शर्मा, मनोज कुमार खंगार, बृजमोहन गुर्जर, रमाकांत राही, एवं आदि पदाधिकारी की नियुक्ति का विस्तार हुआ।

कार्यालय मेला प्रकोष्ठ नगर निगम, कोटा उत्तर/दक्षिण, राजस्थान
क्रमांक:-ननिको/मेला प्रकोष्ठ/2022/764-776 दिनांक:-20.9.22

129वाँ राष्ट्रीय मेला दशहरा वर्ष 2022
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय मेला दशहरा वर्ष 2022 के अवसर पर तीनो जुलूस रामबारात, लक्ष्मीनारायण जी की सवारी एवं भरत मिलाप का जुलूस आयोजित करने का कार्य के लिये इवेंट मैनेजमेंट कम्पनियों एवं इच्छुक आवेदको से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डर की शर्तो का सम्पूर्ण विवरण नगर निगम, कोटा उत्तर/दक्षिण की वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in,https://eproc.rajasthan.gov.in, www.kotamc.org, www.urban.rajasthan.gov.in/nnks से देखकर डाउनलोड कर सकते है।

अवकाश के दिनों में भी कार्यालय पूर्णतया खुलें रहेगें।

UBN No. DLB2223SLOB16378

उपायुक्त एवं मेला अधिकारी नगर निगम, कोटा उत्तर/दक्षिण

कार्यालय नगर पालिका केशवरायपाटन जिला बून्दी (राज.)
क्रमांक:-न.पा./भूमि /2022/6085-6087 **आपत्ति सूचना पत्र** दिनांक:-20.9.2022

सर्व साधारण एवं हर खास एवं आम को सुचित किया जाता है कि प्रार्थीया श्रीमती शीला वर्मा पत्नी हरिलाल वर्मा निवासी शंकर कॉलोनी के.पाटन द्वारा पत्रावली प्रस्तुत कर श्री हरिलाल वर्मा आ. प्रभूलाल वर्मा जाति नाई निवासी के.पाटन के नाम जारी पट्टा संख्या 652 दिनांक 27.09.2006 को समर्पित कर स्वयं के नाम लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा चाहा गया है। श्री हरिलाल वर्मा आ. प्रभूलाल वर्मा जाति नाई निवासी के.पाटन की मृत्यु दिनांक 17.02.2014 को हो चुकी है। अत: मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर पट्टा संख्या 652 दिनांक 27.09.2006 को समर्पित कर श्रीमती शीला वर्मा पत्नी हरिलाल वर्मा निवासी शंकर कॉलोनी के.पाटन के नाम लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम में इस पालिका में प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद गुजरने अवधि श्रीमती शीला वर्मा पत्नी हरिलाल वर्मा निवासी शंकर कॉलोनी के.पाटन के नाम लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। सूचित हो।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका के.पाटन

कार्यालय नगर पालिका केशवरायपाटन जिला बून्दी (राज.)
क्रमांक:-न.पा./भूमि /2022/6088-6090 **आपत्ति सूचना पत्र** दिनांक:-20.9.2022

सर्व साधारण एवं हर खास एवं आम को सुचित किया जाता है कि श्रीमती लाड़बाई पत्नी धनश्याम सेन जाति नाई निवासी के.पाटन तहसील के.पाटन जिला बून्दी राज. द्वारा पत्रावली प्रस्तुत कर मूल पट्टेदार घनश्याम आ. रामनारायण जाति नाई निवासी के.पाटन के नाम जारी पट्टा संख्या 1224 दिनांक 23.04.2015 साइज 700 वर्गफीट वाके भगत सिंह कॉलोनी पर स्वयं के नाम नामांतरण खुलवाना चाहती है। मूल पट्टेदार घनश्याम आ. रामनारायण जाति नाई निवासी के.पाटन की मृत्यु दिनांक 18.09.2020 को हो चुकी है। उक्त पट्टे शुदा भूखण्ड पर मृत्यु उपरान्त उनकी पत्नी श्रीमती लाड़बाई पत्नी स्व. धनश्याम सेन जाति नाई निवासी के.पाटन तहसील के.पाटन जिला बून्दी राज.के नाम नामान्तरण खोलने में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मय साक्ष्य सबुत के अन्दर 07 योम में कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद गुजरने अवधि उक्त पट्टे शुदा भूखण्ड पर श्रीमती लाड़बाई पत्नी स्व.धनश्याम सेन जाति नाई निवासी के.पाटन तहसील के.पाटन जिला बून्दी राज. के नाम नामान्तरण खोल दिया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका के.पाटन

सेवा पखवाड़ा के चौथे दिन भाजपा ने कोविड बूस्टर टीकाकरण कैम्प लगाये

कोटा, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी शहर जिला कोटा द्वारा सेवा पखवाडा के तहत अनेकों सेवा कार्य कर मनाया जा रहा है।

जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक मुकेश विजय, सहसंयोजक हरिहर गौतम, सीमा भारद्वाज के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर द्वारा सेवा पखवाड़ा के चौथे दिन भी अनेकों सेवा कार्य हुए। कोविड टीकाकरण कार्यक्रम के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा तथा सहप्रभारी जिला मंत्री रेखा खेलवाल रही।

मेडिकल कॉलेज में टी बी वार्ड में भाजपा के टीबी मुक्त राष्ट्र व निक्षय मित्र कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों को फल व प्रोटीन पावडर वितरित कर, मरीजों व उनके परिवारजन को बीमारी से बचाव की जानकारियां दी। टी बी मरीजों की सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नागरिक सहकारी बैंक चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, जिला महामंत्री जगदीश जिंदल, सेवा पखवाड़ा संयोजक मुकेश विजय, सहसंयोजक हरिहर गौतम, सीमा भारद्वाज, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक डॉ विपिन योगी, डॉ सुनीता योगी, डॉ रक्षा शर्मा, सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। गणेश नगर मंडल द्वारा कोविड बूस्टर टीकाकरण कैम्प आयोजित किया गया। जहां आमजन को बूस्टर डोज लगवाई गई। इसके साथ टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने 6 मरीजों की सेवा का संकल्प लिया। मरीजों तथा उनके परिवारजन को बिमारी से बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक मुकेश विजय, सहसंयोजक हरिहर गौतम, जिला मंत्री सियाराम वैष्णव, पवन दिलावर, दीपक दिलावर, मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र मेहरा, सेवा पखवाड़ा संयोजक गोविंद सेन, कोषाध्यक्ष दिलीप पारेता, गणेश नगर मंडल महामंत्री सिंपल शर्मा, नवीन गर्ग, तुषार शर्मा, अमित गौतम, सुमित शर्मा, इंदिरा जांगिड़, सुरेश शर्मा, गोविंद मोदी, शंकर जैन, पूजा शर्मा, इंदिरा जांगिड़ सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डांडिया पोस्टर का विमोचन

कोटा, (निसं)। ब्राह्मण कल्याण परिषद द्वारा प्रति वर्ष की भांति डांडिया महोत्सव का आयोजन 28 सितंबर को गोदावरी धाम के सामने हनुमंत वाटिका में किया जाएगा। इसके पोस्टर का विमोचन तुलसी माता मंदिर पर हुआ ब्राह्मण कल्याण परिषद अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि प्रवेश करने वालों को पारंपरिक वेशभूषा में आने का आग्रह किया है। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ शीला तिवारी ने कहा कि प्रवेश कूपन से लॉटरी निकाली जाएगी और पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही बेस्ट ड्रेस, बेस्ट कपल, स्मार्ट कपल, बेस्ट डांसर को अलग-अलग पुरस्कार दिए जाएंगे।

एलन कोटा में 1.25 लाख से अधिक क्लासरूम स्टूडेंट्स प्रवेशित

कोटा के एलन कोचिंग में सवा लाख स्टूडेंट के प्रवेश का जश्न मनाया जा रहा है।

- एक शहर में एक संस्था में सर्वाधिक क्लासरूम स्टूडेंट्स का विश्व कीर्तिमान

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट विद्यार्थियों और अभिभावकों के विश्वास व शिक्षकों के साथ लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विद्यार्थियों को मार्गदर्शन के क्षेत्र में नित-नए आयाम स्थापित कर रहा है। एक नया रिकॉर्ड एलन ने अपने ही रिकॉर्ड को तोड़कर बनाया है।

एक शहर में एक संस्था में क्लासरूम कोर्स में सवा लाख से अधिक स्टूडेंट्स का विश्व कीर्तिमान एलन ने हासिल किया है। इस उपलक्ष्य में एलन संकल्प कैम्पस में पोस्टर विमोचन निदेशक राजेश माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एलन अकेडमिक व एडमिन के कोर टीम मैंबर्स भी मौजूद रहे। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के कोटा सेंटर पर स्टूडेंट्स की संख्या 1.25 लाख से अधिक हो गई है। यह एक विश्व कीर्तिमान है कि एक शहर, एक इंस्टीट्यूट में रजिस्टर्ड क्लासरूम कोचिंग विद्यार्थियों की संख्या 1.25 लाख से अधिक है। कोटा देश ही नहीं वरन संभवत: दुनिया का एकमात्र संस्थान है जहां मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या सवा लाख से ज्यादा है।

इससे पूर्व लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में यह रिकॉर्ड एलन के नाम ही दर्ज है, जो कि 2014 का है, तब सर्वाधिक विद्यार्थी 66504 थे। भारत में एक शहर के एक संस्थान में सर्वाधिक विद्यार्थियों की संख्या के लिहाज से रिकॉर्ड सिटी मांटेसरी लखनऊ स्कूल के नाम है, जिसमें करीब 52 हजार विद्यार्थी हैं। कोविड संक्रमण के दो वर्षों अंतराल के बाद एक बार फिर देशभर के विद्यार्थियों और अभिभावकों ने एलन सिस्टम पर अपना विश्वास व्यक्त किया है। पहले से भी अधिक उत्साह के साथ कॅरियर बनाने के लिए विद्यार्थी कोटा आ रहे हैं। इससे एलन की श्रेष्ठता साबित हुई है, जहां बेस्ट फैकल्टीज और बेस्ट स्टूडेंट्स का पूल है तथा पढ़ाई को सपोर्ट करने वाला ऐसा माहौल है जो दुनिया में कहीं नहीं है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का संचालन निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी, चारों भाई मिलकर कर रहे हैं।

नेक्स्ट जनरेशन अविरल माहेश्वरी, अमन माहेश्वरी, आनन्द माहेश्वरी, केशव माहेश्वरी व आराध्य माहेश्वरी भी साथ मिलकर कई दायित्व निभा रही है। इंस्टीट्यूट की शुरुआत कोटा से हुई और वर्तमान में देश के 42 शहरों समेत विदेश के कई शहरों में भी ऑफलाइन स्टडी सेंटर्स के माध्यम से इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहा है। अकादमिक सत्र 2022-23 में क्लासरूम कोर्स में रजिस्टर्ड विद्यार्थियों की संख्या 2.75 लाख से अधिक हो गई है। एलन के निदेशक राजेश माहेश्वरी ने बताया कि 18 अप्रेल 1988 में एलन की पहली क्लास 8 स्टूडेंट्स से शुरू हुई थी। तब सिर्फ एक ही ध्येय था कि विद्यार्थियों को एक ही छत के नीचे सभी विषयों की श्रेष्ठ पढ़ाई करवानी है, जिससे समय की बचत हो सके। आज एलन 11 हजार से अधिक सदस्यों का परिवार है जो सिर्फ और सिर्फ विद्यार्थियों को केन्द्र में रखते हुए उनका कॅरियर बनाने में जुटे हुए हैं। यही नहीं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड अब हर क्षेत्र, हर मोड में विद्यार्थियों का कॅरियर बनाने की तरफ अग्रसर है।

एलन मेडिकल व इंजीनियरिंग के साथ-साथ अब कॉमर्स, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस), राजस्थान न्यायिक सेवा (आरजेएस), कैट, कॉमर्स, क्लैट और आईपीमेट की तैयारियां करवाना शुरू कर दिया है। डिजिटल माध्यम से एजुकेशन के क्षेत्र में भी एलन ने कदम रखा है और विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। एलन का ध्येय "हर घर एलन" है। हम पूरे भारत के बच्चों को पढ़ाने के मिशन पर काम कर रहे हैं। हर तरह के शिक्षण की सुविधा एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट द्वारा दी जाए, इसके लिए 11 हजार से अधिक सदस्यों का एलन परिवार हर समय प्रयासरत हैं।

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड
(ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना पत्र दिनांक 28 जून 2022 को संदर्भ संख्या SME/SAR/BB/13-2/JUN-22/10 ऋण खाता संख्या: 9001220317062362 निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता श्री मोहम्मद याकीन पुत्र श्री मोहम्मद रशीद (ऋणी/बंधककर्ता), श्री मोहम्मद नफीस पुत्र श्री मोहम्मद रफीक (जमानतदार), श्रीमती केहकसन पत्नी श्री मोहम्मद याकीन (जमानतदार/ बंधककर्ता) को नोटिस में वर्णित के लिए रूपये 19,58,314/- (रूपये उन्नीस लाख अठावन हजार तीन सौ चौदह मात्र) दिनांक 24 जून 2022 तक कुल देय (जिसमे शामिल मूलधन, ब्याज, पेनल्टी एवं अन्य शुल्क) सम्पूर्ण बकाया राशि के भुगतान तक भविष्य का ब्याज व शुल्क अतिरिक्त की राशि इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता एवं समान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित उक्त नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा 19 सितम्बर 2022 को अधिग्रहण कर लिया है।

ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋणी/सह ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार में के लिए रूपये 20,38,991/- (रूपये बीस लाख अड़तीस हजार नो सौ इकरानबे मात्र) दिनांक 09 सितम्बर 2022 तक सम्पूर्ण बकाया राशि के भुगतान तक भविष्य का ब्याज व शुल्क अतिरिक्त की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

स्थावर सम्पत्ति का विवरण

1. संपत्ति के सभी अभिन्न अंग सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 6857 (खसरा नं. 727) आवासीय सम्पत्ति क्षेत्रफल = 77x35 = 2995.00 वर्ग फीट, स्थित ग्राम सुकेत, तहसील रामगंज मण्डी, जिला कोटा, राजस्थान, जो की श्री मोहम्मद याकीन के स्वामित्व मे है।
   पूर्व : स्वयं का मकान — पश्चिम : रोड
   उत्तर : केहकसन का मकान — दक्षिण : जफर उल्लाह का मकान
2. संपत्ति के सभी अभिन्न अंग सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 6856 (खसरा नं. 727) आवासीय सम्पत्ति क्षेत्रफल = 77x35 = 2995.00 वर्ग फीट, स्थित ग्राम सुकेत, तहसील रामगंज मण्डी, जिला कोटा, राजस्थान, जो की श्रीमती केहकसन के स्वामित्व मे है।
   पूर्व : स्वयं का मकान — पश्चिम : रोड
   उत्तर : मकसूद का मकान — दक्षिण : मोहम्मद याकीन का मकान
3. संपत्ति के सभी अभिन्न अंग सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 23400 (खसरा नं. 566) आवासीय सम्पत्ति क्षेत्रफल = 35x65 = 2275.00 वर्ग फीट, स्थित ग्राम सुकेत, तहसील रामगंज मण्डी, जिला कोटा, राजस्थान, जो की श्रीमती केहकसन के स्वामित्व मे है।
   पूर्व : जब्बार व रफीक का मकान — पश्चिम : रोड
   उत्तर : सोकत ड्राइवर का मकान — दक्षिण : मोहम्मद याकीन का मकान
4. संपत्ति के सभी अभिन्न अंग सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 23399 (खसरा नं. 566) आवासीय सम्पत्ति क्षेत्रफल = 35x65 = 2275.00 वर्ग फीट, स्थित ग्राम सुकेत, तहसील रामगंज मण्डी, जिला कोटा, राजस्थान, जो की श्री मोहम्मद याकीन के स्वामित्व मे है।
   पूर्व : जब्बार व रफीक का मकान — पश्चिम : रोड
   उत्तर : केहकसन का मकान — दक्षिण : जफर उल्लाह का मकान

दिनांक: 19 सितम्बर, 2022 — **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थान : सुकेत (कोटा) — **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**